आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

हाथरस भगदड़ मामले में विशेष जांच दल की रिपोर्ट आने के बाद प्रदेश सरकार ने छः अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। विशेष जांच दल ने आज अपनी रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें कहा गया है कि घटना के पीछे आयोजकों की लापरवाही मुख्य कारण है। एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर हाथरस जिले के एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छः लोगों को निलंबित कर दिया गया है।

आकाशवाणी संवाददाता ने बताया कि एसआईटी ने स्थानीय प्रशासन को भी जिम्मेदार ठहराया है। दो सदस्यीय एसआईटी ने यह भी कहा है कि साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन गहन जांच की जरूरत है। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि कार्यक्रम आयोजकों ने भीड़ के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की थी। एसआईटी ने दो, तीन और पांच जुलाई को घटनास्थल का दौरा किया और करीब एक सौ पच्चीस लोगों से पूछताछ कर अपनी रिपोर्ट दर्ज की। रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने सिकंदरा राऊ के एसडीएम, तहसीलदार, सर्किल ऑफिसर, एसओ और दो अन्य पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

****

प्रदेश में लगभग सभी जिलों में रूक–रूक कर हो रही वर्षा और अलग–अलग बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। केन्द्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक गंगा नदी बदायूं और शाहजहांपुर में, शारदा–लखीमपुर खीरी, राप्ती– श्रावस्ती और बलरामपुर, बूढ़ी राप्ती– सिद्धार्थनगर और क्वानो– गोण्डा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

अयोध्या में सरयू का जल स्तर प्रति घंटे एक सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है। वहां सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से मात्र तीन सेंटीमीटर नीचे रह गया है।

बस्ती जिले में नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद घाघरा का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांवों में फसल जलमग्न हो गई है। पीलीभीत में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से जनपद में सड़कें और रेल ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित हुआ है। गावों से लेकर शहर, कस्बों तक जल भराव हुआ है। वहां बाढ़ बचाव के लिये एयरफोर्स को लगाया गया है। आज सुबह एयरफोर्स के जवानों ने हेलीकॉप्टर से बाढ़ में फंसे पांच लोगों को सुरक्षित निकालने में सफलता पाई।

मेरठ की मवाना तहसील के हस्तिनापुर से चांदपुर–बिजनौर को जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त होने और गंगा नदी के तीव्र जलप्रवाह से बाधित होने के कारण बन्द कर दिया गया है। वहां आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। लखीमपुर खीरी जिले के पलिया, धौरहरा, निघासन, गोला सहित कई क्षेत्र जबरदस्त बाढ़ की चपेट में है। उधर, प्रदेश के राहत आयुक्त ने जानकारी दी है कि लगातार हो रही वर्षा और नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोत्तरी के कारण नेपाल सीमा से सटे भारतीय इलाकों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएससी को राहत–बचाव कार्य के लिये तैनात किया गया है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बाढ़ से बचाव के लिये नेपाल सीमा पर त्रिस्तरीय इंतजाम किये गये हैं। बाढ़ की स्थिति पर नजर रखने के लिये प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने आज श्रावस्ती और बलरामपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्थिति पर नजर रखने और पीड़ितों को राहत पहुंचाने का निर्देश दिया।

****

प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा के संबंध में दिशा–निर्देश जारी कर हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाई है। सरकार के दिशा–निर्देश के अनुसार, बाइस जुलाई से शुरू होकर उन्नीस अगस्त तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे और धार्मिक गाने तय सीमा के भीतर बजाए जाएंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि यात्रा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यात्रा शुरू होने वाले मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके अलावा इक्कीस जुलाई की मध्यरात्रि से दिल्ली एक्सप्रेस वे, देहरादून एक्सप्रेस वे और चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। कांवड़ियों को भाला, त्रिशूल या किसी भी तरह का हथियार लेकर न चलने की सलाह दी गयी है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर डीजे बजाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन ध्वनि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार तय सीमा के भीतर होनी चाहिए। यात्रा मार्गों पर शराब और मांस की दुकानें बंद रहेंगी।

****

प्रदेश में अलग–अलग हुयी सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत होने और आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। हरदोई जिले के माधोगंज थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में सवारी भरी एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक झोपड़ी में घुस गयी, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गयी जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गये। इनमें से तीन की हालत गम्भीर बनी हुयी है। वहां के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि बस के अनियंत्रित होने का कारण स्टेयरिंग का फेल होना है। औरैया जिले के अजीत मल्ल कस्बे में हाइवे के किनारे एक कंटेनर ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग घायल हो गये। उधर लखनऊ–बलिया राजमार्ग पर एक ट्रक पलट गया, इसकी चपेट में आकर दो बच्चों की मौत हो गयी और उनके माता–पिता गम्भीर रूप से घायल हो गये।

****